## महत्वपूर्ण एवं खास

### भालुओं का आतंक : 5 लोग घायल

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिले के बागबाहरा में भालुओं के 3 अलग-अलग हमले में 5 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तेंदुकोना गांव में भालू ने हमला कर दिया। इसमें 3 लोग घायल हो गए। वहीं भद्रसी निवासी कमल नाथ ध्रुव को खेत जाते समय रास्ते में भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। साथ ही बम्हनसरा निवासी संतराम घर के पीछे बड़ी में गया हुआ था। इस दौरान भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। बता दें कि वन विभाग ने सभी घायलों को 1-1 हजार रुपए की सहायता राशि दी है।

### नशीली कफ सिरप के साथ तीन गिरफ्तार

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिले के सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे के 3 सौदागरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए के नशीली कफ सिरप, दवाई एवं समान जब्त किया है। सभी आरोपी कोरबा जिले के निवासी बताये जा रहे है। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### सैप्टिक टैंक में जहरीली गैस जांचने निगम ने मंगाया गैस मॉनिटर

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर नगर निगम द्वारा सैप्टिक टँकीयों की सफाई में जुटे 40 से अधिक कर्मचारियों को सेवा के साथ सुरक्षा के लिए आवश्यक किट प्रदाय किया गया है। निगम में अब गैस मॉनिटर भी उपलब्ध है जिसकी मदद से सन्देह होने पर टँकीयों में जहरीली गैस की जांच की जा रही है। निगम के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के सहायक नोडल अधिकारी योगेश कड़ू ने बताया कि महापौर एजाज ढेबर और निगमायुक्त प्रभात मलिक के निर्देश पर सक्शन मशीनों में काम करने वाले 40 से अधिक कर्मचारियों के सुरक्षा के लिए भी इंतजाम किया गया है। इसके तहत उन्हें मास्क, ग्लब्स, पर्सनल प्रोटेक्शन इक्विपमेंट, गम बूट, हेलमेट, गॉगल और पीपीई किट उपलब्ध करा दी गई है। जिस सैप्टिक टैंक में सन्देह होता है कि उसमें जहरीली गैस हो सकती है, उसका गैस मॉनिटर मशीन से जांच किया जाता है। कर्मचारियों के लिए इमरजेंसी होने पर आक्सीजन की भी व्यवस्था रखी गई है। कड़ू ने बताया कि इस काम में लगे कर्मचारियों को समय - समय पर विशेषज्ञों के द्वारा ट्रेनिंग भी दिलवाई जा रही है।

### सोंढुर डैम में डूबी नाव: डूबे लड़कियों को ढुंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी

**नगरी (आरएनएस)।** धौलपुर गरियाबंद निवासी कुछ युवक युवतियां ग्राम बेलरबाहरा, मेंचका थाना क्षेत्र शादी में आए थे जो कि शादी में शामिल होने के बाद 7 लोग सोंढुर डैम में घूमने आए हुए थे। डैम घूमने स्वयं से नाव में सवार होकर डैम के किनारे नाव में बैठे हुए थे कि अचानक नाव पलटने से दो लड़कियां जिनका नाम बिंदिया नागेश उम्र 15 वर्ष सकिन धवलपुर जिला गरियाबंद, मोनिका नेताम उम्र 14 वर्ष सकिन धवलपुर जिला गरियाबंद डूब गई हैं । जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा एसडीओपी नगरी को तत्काल रवाना किया गया जहां पुलिस बल ,गोताखोर की टीम लेकर मौके पे पहुंच कर डूबने वाली लड़कियों की तलाश की जा रही है एवं बाकी 5 लोग बचा लिए गए हैं जिनमें एक युवती को इलाज हेतु हॉस्पिटल रवाना किया गया है। डूबे लड़कियों को ढुंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है।

# जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना से इस साल 133843 मरीज हुए लाभान्वित

- दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से दी जा रही है स्वास्थ्य सुविधाएं
- खून जांच, बीपी, शुगर, बुखार डायरिया, सहित अन्य रोगों के मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर किया जाता है उपचार: सीएमएओ डॉ. केसरी

रायगढ़। ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए फ्लैगशिप योजना के तहत मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मचारी हाट-बाजारों, दूरस्थ, पहाड़ी क्षेत्रों सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों में शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते है। जिसमें बीपी, शुगर, बुखार डायरिया, दस्त एवं अन्य रोग से ग्रसित मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उपचार की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती है। हाट बाजारों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने से ग्रामीणों एवं आमजनों को दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं जाना पड़ रहा है। मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा की जा रही स्वास्थ्य सुविधा से आमजन काफी उत्साहित है।



विकासखंड खरसिया के बायंग निवासी 35 वर्षीय भुवन पटेल बताते हैं कि वे घरेलू सामग्री की खरीदारी करने बाज़ार हमेशा जाते थे पर अब बाजार में मेडिकल टीम के होने से स्वास्थ्य लाभ भी मिल रहा है। विगत कुछ दिनों से उन्हें बुखार था परंतु स्वास्थ्य केन्द्र गांव से दूर होने के कारण वे जांच कराने नहीं जा पा रहा था। घर पर ही दवाइयों का सेवन कर रहे थे जिससे तात्कालिक आराम तो मिलता था परंतु स्थायी रूप से स्वास्थ्य लाभ नहीं हो रहा था। फिर हाट बाजार में आई मेडिकल टीम के पास अपना जांच कराया। टीम द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण व खून की जांच की गई। जांच उपरांत निःशुल्क दवाई एवं उचित परामर्श प्रदान की गई। यहां मिले इलाज एवं दवाइयों से काफी लाभ मिला और यह योजना ग्रामीणजनों एवं दूरस्थ अंचल के लोगों के लिए सुविधा व बेहद लाभदायक है।

हाट बाजार क्लीनिक के बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी कहते हैं, " हमारी टीम के बाजारों में पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर में जांच कराने आते है। यहां ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरण की जाती हैं साथ ही बारिश के दौरान मौसमी बीमारियों से बचने, सर्पदंश, मलेरिया डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी भी देते हैं। टीम द्वारा लोगों को मच्छरदानी के उपयोग, जमीन मे न सोने, आस-पास बरसात के पानी को जमा न होने देने सहित अन्य उपाय अपनाने के सुझाव दिए जाते है। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के मोबाईल मेडिकल टीम में अनुभवी चिकित्सक, एएनएम, फार्मासिस्ट द्वारा सेवा प्रदान किया जाता है तथा अत्याधुनिक लैब के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच प्रदाय किया जाता है। मेडिकल टीम के द्वारा मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ टीकाकरण, एनीमिया, कुपोषण से बचाव तथा सुरक्षित संस्थागत प्रसव के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाती है।"

**एक साल में 1,944 शिविर का आयोजन-** स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में बीते एक साल में सभी विकासखंडों के 141 हाट बाजारों में 1,944 शिविरों का आयोजन कर कुल 1,33,843 लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया गया है। जिले में 24 डेडिकेटेड वाहन उपलब्ध है। मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा जिले के विकासखंड बरमकेला के चिन्हांकित 18 हाट-बाजारों में 236 शिविरों के माध्यम से कुल 17,013 लोगों को लाभान्वित किया गया है। इसी प्रकार सारंगढ़ के 18 हाट बाजारों में 238 शिविरों में 15,806, पुसौर के 12 हाट बाजार में 191 शिविरों में 14761, लोईंग के 12 हाट-बाजारों में 146 शिविरों में 10,114, खरसिया में 23 हाट-बाजारों में 223 शिविरों के द्वारा 13,129, तमनार में 12 हाट-बाजारों में 209 शिविरों में 13,797, घरघोड़ा में 11 हाट-बाजारों में 191 शिविरों में 15267, लैलूंगा के 17 हाट-बाजारों में 223 शिविरों में 15,503 एवं धरमजयगढ़ के 18 बाजारों के 287 शिविरों में 18,453 लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया है। कोरोना महामारी के दौरान मोबाईल मेडिकल यूनिट का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के कोविड टेस्ट में किया गया था और अभी जरूरत के अनुसार भी कोविड में काम लिया जा रहा है। मेडिकल टीम हाट-बाजारों, मुख्य चौक-चौराहों में लोगों का कोविड टेस्ट करती है साथ ही लोगों को कोरोना से बचने के संबंध में आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराती है।

## मुख्यमंत्री ने किया ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और हमर लैब का लोकार्पण



**रायपुर (आरएनएस)।** देश के पहले ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ पाटन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। इस मौके पर उन्होंने हमर लैब का भी उद्घाटन किया। यहां पर 54 प्रकार के टेस्ट हो सकेंगे। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट देश का पहला यूनिट है इसी तरह के 3000 अन्य यूनिट निकट भविष्य में देश में आरंभ होंगे। इन यूनिट के माध्यम से बीमारियों के सर्विलिएन्स में काफी आसानी होगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि पाटन में देश का पहला पब्लिक हेल्थ यूनिट स्थापित हुआ है। यह हम सब के लिए गौरव की बात है। इसके साथ ही यहां पर अपडेटेड लैब का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमारियों के सरविलियंस में यह संस्थान काफी उपयोगी साबित होगा। इसके साथ ही पाटन के लोगों को टेस्ट कराने में काफी सुविधा होगी। इससे यहां इंफ्रास्ट्रक्चर को इंप्रूव करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने इस मौके पर लैब के इंस्ट्रूमेंट का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री को सीएमएचओ डॉ मेश्राम और बीएमओ डॉ आशीष शर्मा ने विस्तार से लैब के में होने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी।

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी उपस्थित थे। उन्होंने भी लैब का अवलोकन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि प्रदेश में तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य अधोसंरचना से नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप एवं उपाध्यक्ष भोले भी उपस्थित थे।

## रायगढ़ जिले के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड के आरोपी ओडिशा के पूर्व विधायक को आजीवन कारावास की सजा



**रायगढ़।** दिनांक 02.04.2022 को पंचम अपर सत्र न्यायाधीश रायगढ़ कमलेश जगदल्ला के न्यायालय में जिले के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में आरोपी अनुप कुमार साय (पूर्व विधायक) को बृजराजनगर की एक महिला और उसकी बेटी की हत्या का दोषी पाकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी अनुप कुमार साय को आजीवन कारावास के दंड से दंडित किया गया है साथ ही मामले में गिरफ्तार एक अन्य आरोपी वर्धन टोप्पो उर्फ बर्मन टोप्पो को ठोस साक्ष्य के अभाव पर दोषमुक्त किया गया है। मामले में अभियोजन की ओर से दीपक शर्मा, लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई वही मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी कर महत्वपूर्ण साक्ष्य आरोपियों के विरूद्ध ग्राह्य कर विवेचना पूर्ण उपरांत चालान न्यायालय पेश किया गया था।

घटना मई 2016 की है, दिनांक 07/05/2016 को थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत हमीरपुर मार्ग पर मां साकम्बरी प्लांट के पास अज्ञात महिला एवं बालिका का शव मिलने की सूचना पर थाना चक्रधरनगर में मर्ग सहित अज्ञात आरोपी पर अप.क्र. 158/2016 धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

घटना के करीब चार साल बाद तत्कालीन एसपी संतोष सिंह के मार्गदर्शन पर चक्रधरनगर, कोतवाली, कोतरारोड़, सायबर सेल का टीम को नये सिरे से अपराध विवेचना में लगाया गया जिनके द्वारा लगातार किये गये अथक प्रयास से इस दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी अनुप कुमार साय पिता हरीशचंद्र साय 59 साल निवासी बघराचका गांधी चौक, थाना बृजराजनगर जिला झारसुगुड़ा, ओड़िशा एवं वर्धन टोप्पो उर्फ बर्मन टोप्पो पिता स्व. सुलेमान टोप्पो उम्र 48 वर्ष निवासी ज्ञानपल्ली थाना राजगांगपुर जिला सुंदरगढ़, ओड़िशा को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण साक्ष्यों के साथ चालान न्यायालय पेश किया गया था।

अभियोजन की ओर इस जघन्य हत्याकांड एवं हाई प्रोफाईल मामले में 50 अभियोजन साक्षियों एवं कई महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत किया गया जिनके सूक्ष्मता पूर्वक विश्लेषण कर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी अनुप कुमार साय (पूर्व विधायक) को धारा 302, 120 बी भादवि में आजीवन कारावास के दंड एवं 5 हजार रूपे अर्थदंड, 201 भादवि में 07 साल कैद एवं 5000 रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। वहीं आरोपी वर्धन टोप्पो उर्फ बर्मन टोप्पो (विधायक का ड्रायवर) पर ठोस साक्ष्य के अभाव में धारा 302,201,120 बी भादवि में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया गया है।

## घर में आया का काम करने वाली महिला और उसके भतीजे ने मकान मालकिन से की 7.50 लाख की धोखाधड़ी, दोनों गिरफ्तार

- उधार में रूपये लेकर काम छोड़कर भागी महिला, भतीजे ने रूपये वसूल कर देने का झांसा देकर लिये रूपये

**रायगढ़।** दिनांक 01.04.02022 को पुलिस चौकी जुटमिल में शिकायतकर्ता श्रीमति रीता अग्रवाल पति अनिल अग्रवाल निवासी मिट्ठुमुडा गोगा राईसमिल के पीछे जूटमिल लिखित आवेदन पत्र लेकर देवकी साहू एवं उसके भतीजे लक्ष्मण साहू पर धोखाधड़ी कर 7 लाख 50 हजार रूपये उधार लिये और सामने नहीं आ रहे हैं। चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू द्वारा शिकायतकर्ता के लिखित आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों पर अप.क्र. 579/2022 धारा 420,120बी भादवि के तहत अपराध दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



शिकायतकर्ता बताई कि तीन साल पहले देवकी साहू निवासी कोडातराई को आया के काम के लिए रखे थे। आज से लगभग 07 माह पहले देवकी घरेलू खर्च के लिए रूपये की अत्यंत आवश्यकता है कहकर रूपये उधार मांगी और अपनी स्वामित्व की भूमि को विक्रय कर रकम वापस कर देगी बोली। देवकी साहू से 03 साल की जान पहचान को देखकर उसके उपर विश्वास कर समय-समय पर कुल 03 लाख रूपये दे दी पर उसके बाद देवकी घर काम पर आना बंद कर दी। काफी छानबीन करने पर पता चला कि वह कहीं भाग गयी है। देवकी साहू का एक भतीजा लक्ष्मण उर्फ लक्की साहू ग्राम कोडातराई में निवास करता है। उससे बात करने पर लक्ष्मण साहू बोला कि वह अपने बुआ देवकी साहू से पैसा वापस दिला देगा परन्तु उनकी जमीन अभी तक नही बिकी है। उसे भी पैसे की आवश्यकता है यदि उसे रकम दें तो वह अपने समलाती भूमि के विक्रय होने पर अपने बुआ देवकी साहू द्वारा लिये गये रकम को तथा स्वयं लिये गये रकम को स्वत: वापस कर देगा। उसकी बातों में विश्वास कर कई बार में थोडा-थोड़ा कर 4 लाख 50 हजार रूपये दे दिये। इस तरह देवकी साहू द्वारा 3,00,000 रू एवं लक्ष्मण साहू 4,50,000 रूपये को दोनों मिलकर षडयंत्र रचकर धोखाधडी किये। चौकी जूटमिल द्वारा इस धोखाधड़ी प्रकरण में अपराध कायमी के तत्काल बाद दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर चौकी लाये। पूछताछ में दोनों उधार में रूपये लेना स्वीकार किये और पूरे रकम को खर्च कर देना बताये। आरोपिया देवकी साहू उर्फ भूरी साव पति संतोष चौहान उम्र 42 साल एवं लक्ष्मण साव पिता रत्नाकर साव उम्र 20 सान दोनों निवासी कोड़ातराई मोहडीडिपा चौकी जूटमिल थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर आज दिनांक 02.04.2022 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू , सहायक उप निरीक्षक विजय गोपाल और आरक्षक हेमंत चन्द्रा, महिला आरक्षक हेमलता एक्का की आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में अहम भूमिका रही है।

## विवाहित महिला डॉक्टर से ब्लैकमेलिंग कर मागे लाखो रुपये, मामला दर्ज

**बिलासपुर (आरएनएस)।** डॉक्टरी की पढ़ाई करते समय डॉक्टर ने शादीशुदा महिला डॉक्टर से दोस्ती कर ली. कई सालों बाद महिला के नाम एक ख़त पहुंचा. ख़त में धमकी भरे लहजे में कहा गया था कि उन्हें 50 लाख रुपए चाहिए नहीं तो वह न्यूड फोटो वायरल कर देगा. आरोपी डॉक्टर मध्यप्रदेश के चित्रकूट का है. आरोपी के खिलाफ बिलासपुर के सिविल लाइन थाना में केस दर्ज कर लिया गया है. जानकारी के मुताबिक जिस न्यूड फोटो को वायरल करने की धमकी दी जा रही है, वे न्यूड फोटो आरोपी ने एडिट करके बनाया है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन क्षेत्र में निजी अस्पताल संचालक डॉक्टर की पत्नी साल 2017 से 2020 तक मध्यप्रदेश के सतना जिले के चित्रकूट स्थित एक कॉलेज में मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी. इस दौरान उनका परिचय डॉ.अशोक दाते से हुआ. दोनों एक-दूसरे को जानते थे और आपस में बातचीत भी करते थे. तब उनके बीच दोस्ती भी थी. बाद में पढ़ाई पूरी होने पर महिला डॉक्टर 2020 में वापस बिलासपुर आ गई. इसके बाद डॉ. अशोक दाते ने यह सब करना शुरू किया है. ऐसा आरोप महिला डॉक्टर ने लगाया है. डॉक्टर ने अपनी शिकायत में बताया है कि उनकी डॉक्टर पत्नी के नाम से उनके ससुर और सास के पास मैसेज भेजा जा रहा है, जिसमें उनसे 50 लाख रुपए की मांग की गई है. रुपए नहीं देने पर उनकी बेटी की एडिटेड न्यूड फोटो वायरल करने की चेतावनी दी गई है. डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी डॉ. अशोक दाते के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री व तीनों सेना के नाम पर जलाई गई जोत

- वन विभाग द्वारा मंदिर में नए प्रसाद महुआ लड्डू की व्यवस्था शुरू की गई

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्र में इस बार पहली बार दंतेश्वरी मंदिर में जल, थल, नभ तीनों सेना के नाम की जोत भी प्रज्ज्वलित की गई है, इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वाशिंगटन के एक भक्त की भी जोत जलाई गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना करने और मां के दर्शन करने के लिए दंतेश्वरी मंदिर पंहुचने लगे। इस बार दंतेश्वरी मंदिर में नए प्रसाद महुआ लड्डू की व्यवस्था शुरू की गई है, महुआ लड्डू का प्रसाद मंदिर में मिलेगा, लेकिन इस प्रसाद के लिए भक्तों को शुल्क चुकाना होगा, वैसे महुआ लड्डू का प्रसाद लेना स्वेक्षिक है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार औषधियगुणों से भरपूर महुआ की उपलब्धता स्थानिय स्तर में अधिक पाया जाता है, इसका प्रसाद बनने में उपयोग किये जाने से जिले को नई पहचान भी मिलेगी। चार लड्डूओं का पैकेट जिसकी कीमत 40 रुपये रखी गई है। वहीं एक लड्डू 10 रुपये में मिलेगा, 100 ग्राम का होगा पैकेट, वन विभाग द्वारा मंहुआ लड्डू के पैकेट तैयार करवाए जा रहे।

तुड़पारास की स्व सहायता समूह की महिलाओं को पूजन थाल सजाने का दायित्व भी सौंपा गया है, जो महुआ लड्डू के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। इस थाल में नारियल, फूलमाला शामिल रहा, इससे महिला समूहों की आमदनी भी बढ़ेगी।

दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी दंतेश्वरी मंदिर पंहुचकर दर्शन उपरांत चैत्र नवरात्रि की तैयारियों का जायजा लिया, मंदिर परिसर का अवलोकन कर आने वाले आगामी दिनों में होने वाले आयोजनों को देखते हुए भक्तों के सुविधा अनुसार व्यवस्था के निर्देश दिए गए, कलेक्टर ने कहा सभी को सुविधाजनक ढंग से मंदिर में दर्शन प्राप्त हो। वाहन,पार्किंग, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा मुहैया करने के निर्देश भी दिए गये हैं।

## यूनिवर्सल हेल्थ केयर के जरिए राशनकार्डधारियों को 20 लाख रुपये तक के उपचार की मिल रही सुविधा -टीएस सिंहदेव

- केंसर यूनिट के विस्तार के लिए केंद्र सरकार से 25 करोड़ रुपये मिले
- जीएसटी से 16 करोड़ की एकमुश्त राजस्व आय शासन को मिली

**रायपुर (आरएनएस)।** सन 1983 से कांग्रेस की राजनीति में प्रवेश करने वाले सरगुजा जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं स्वास्थ्य एवं पंचायत ग्रामीण एवं जीएसटी मंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित रूबरू कार्यक्रम के जरिए अपने निजी जीवन एवं राजनीतिक जीवन में 40 वर्ष के साथ ही सरकार द्वारा तीन वर्ष में किये गये कार्यों का लेखाजोखा पेश किया। सिंहदेव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी राजनीति में आने की इच्छा नहीं थी उनके पिता स्व. एमएस सिंहदेव ने उन्हें बकायदा चि_ी लिखकर राजनीति के क्षेत्र में जाने से मना किया था। कभी कभी ऐसा लगता है कि वे भंवरजाल में फंस गये हैं किंतु राजनीति में आने के बाद सरगुजा से मंत्री बनने तक के सफर का खुलासा करते हुए सिंहदेव ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं जीएसटी मंत्री के रूप में विशेष जिम्मेदारी मिली जिसका वे पालन पूरी शिद्दत के साथ कर रहे हैं। जीएसटी करों पर चर्चा करते हुए सिंहदेव ने कहा कि इसमें 71 प्रतिशत की राशि ही राज्य शासन को मिलती है बाकी 29 प्रतिशत की राशि केंद्र सरकार के खाते में जमा होती है। जुलाई से केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी क्षतिपूर्ति की राशि बंद करने से राज्य सरकार पर 6 से 7 करोंड़ रुपये का अतिरिक्त भार झेलना पड़ेगा। जीएसटी करों से इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन को 16 करोड़ की रिकार्ड राजस्व आय प्राप्त हुई है।

राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में लगातार इजाफा होने की जानकारी देते हुए मंत्री सिंहदेव ने बताया कि केंसर यूनिट के विस्तार के लिए केंद्र सरकार से 25 करोड़ रुपये की राशि मिली है। विस्तार में लगभग 920 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यूनिवर्सल हेल्थ केयर के जरिए प्रदेश के लाखों राशनकार्डधारी हितग्राहियों को शासन द्वारा 20 लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जरिए ग्राम पंचायतों की कार्यों की लगातार मानिटरिंग की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में होने वाले पेयजल संकट से निपटने के लिए गांव में स्थान स्थान पर बोरवेल एवं संपवेल के जरिए ग्रामीणों को जलापूर्ति की जा रही है। वनाधिकार पट्टों की चर्चा करते हुए सिंहदेव ने बताया कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जो आदिवासी परिवार पिछली तीन पीढ़ियों से वनों में रह रहे है उन्हें वनाधिकार पट्टा का लाभ देकर शासन की जनकल्याण योजनाओं में शामिल किया जा रहा है।

शराब बंदी पर सिंहदेव ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में शराबबंदी संभव नहीं है क्योंकि वहां पर सामाजिक आचार, व्यवहार एवं रीतिरिवाजों में शराब का अलग स्थान है। पत्रकारवार्ता में सिंहदेव कई बार भावुक हुए और उन्होंने अपनी साफगोई के जरिए कहा कि वे पीढ़ियों से कांग्रेस दल में रहे है भाजपा में उनके जाने का सवाल ही नहीं है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480